


एक नजर में



## 25 उत्कृष्ट महिलाओं को किया सम्मानित

**उज्जैन।** महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑल इंडिया सेन जी महासंघ (दिल्ली) द्वारा मातृशक्ति दिवस के अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज की 25 उत्कृष्ट महिलाओं का शॉल, श्रीफल और पुष्पमाला पहनाकर भव्य सम्मान किया गया। इस दौरान सम्मानित मातृशक्तियों ने एक स्वर में यह संदेश दिया कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है, और इसकी ठोस शुरुआत बेहतर शिक्षा के साथ ही होनी चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र परमार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष शोभा छानीवाल और शिखर सम्मान से अलंकृत कृष्णा वर्मा उपस्थित रहीं। इन्हीं के करकमलों द्वारा समाज की 25 प्रतिभासंपन्न और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस गरिमामय आयोजन में समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्य रूप से कन्हैयालाल, सुरेंद्र सेन, प्रेम यादव, शिव नारायण झाला, शीतल परमार, ओम गहलोत, अभिषेक सेन, आशीष वर्मा, आरपी गहलोत और प्रेमलता चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं। संचालन मनोहर परमार ने किया तथा अंत में आभार मनोज गहलोत ने माना। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि एक शिक्षित महिला न केवल अपना, बल्कि पूरे परिवार और समाज का भविष्य संवारती है। आत्मनिर्भरता के लिए शिक्षा वह पहली सीढ़ी है, जो महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर उन्हें समाज में बराबरी का दर्जा दिलाती है।




## भारत मुक्ति मोर्चा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जाति आधारित जनगणना, ओबीसी की जनगणना में अलग कॉलम की मांग तथा ओबीसी के साथ कथित धोखाधड़ी के विरोध में संगठन द्वारा राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आंदोलन के दूसरे चरण में उज्जैन में कोठी पैलेस पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। धरना समाप्ति के बाद संकुल भवन पहुंचकर भारत मुक्ति महिला मोर्चा व बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्यमति गंगा मालवीय के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुकेश मालवीय ने बताया कि आंदोलन के पहले चरण में ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांगें पूरी करने का आग्रह किया गया था। लेकिन उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसी के चलते दूसरे चरण में धरना-प्रदर्शन किया गया। इसलिए आगामी राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी और जाति का अलग कॉलम जोड़ा जाए। इसके अलावा एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के हित में सख्त यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन लागू करने तथा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त करने की भी मांग की गई। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन के तीसरे चरण में 23 मार्च को रैली निकालकर प्रदर्शन किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान तेजकुमार चौहान, जगन्नाथ बागड़ी, ईश्वर मालवीय, अशोक मालवीय, हीरालाल एरवाल, मुकेश मालवीय, बने सिंह बौद्ध सहित बड़ी संख्या में बहुजन समाज के लोग उपस्थित रहे।

## मुकेश जोशी की रेडियो वार्ता का प्रसारण आज

**उज्जैन।** प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी की वार्ता प्रेमचंद का रचना संसार का प्रसारण आज 14 मार्च शनिवार की शाम 6.30 बजे आकाशवाणी उज्जैन पर प्रसारित किया जाएगा। यह जानकारी शिक्षाविद डॉ. संदीप नाडकर्णी ने दी।

# लालपुल ब्रिज रोड चौड़ीकरण पर निगमायुक्त सख्त



**उज्जैन।** शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा शुक्रवार को गदापुलिया से रविशंकर नगर, जयसिंहपुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक पहुंचे और मौके पर कार्य की प्रगति देखी।

उन्होंने नाली के लेवल की जांच खुद ऑटो लेवल मशीन से करवाई, जिसमें नाली का स्तर सही पाया गया। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि चौड़ीकरण कार्य में बाधक बने एक भवन को अब तक नहीं हटाया गया है। इस पर नाराजगी जताते हुए निगमायुक्त ने संबंधित सहायक यंत्री दीपक शर्मा के 15 दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए। सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित ठेकेदार पर 5 लाख रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश भी दिए गए।

### नाली की साफ-सफाई जरूरी-19 करोड़ में बनेगी सड़क

निगमायुक्त ने अधिकारियों को यह भी कहा कि निर्माण कार्य के दौरान आसपास रहने वाले लोगों को होने वाली परेशानियों का तुरंत समाधान किया जाए। नालियों में गिरने वाली सीएनडी सामग्री की समय पर सफाई कराई जाए। उल्लेखनीय है कि गदापुलिया से रविशंकर नगर, जयसिंहपुरा होते हुए लालपुल ब्रिज रोड तक सड़क चौड़ीकरण का यह प्रोजेक्ट करीब 1.35 किलोमीटर लंबा और 24 मीटर चौड़ा होगा। जिसकी अनुमानित लागत 18.95 करोड़ रुपये है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, सहायक यंत्री दीपक शर्मा तथा कंसल्टेंट एजेंसी और ठेकेदार के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## मोबाइल नंबर से हुई मृतक की पहचान

**उज्जैन।** रामघाट से बीमार अवस्था में मिले वृद्ध की अस्पताल में मौत हो गई। मृतक वृद्ध के पास मोबाइल नंबर मिला। जिसके आधार पर सामने आया कि दो माह पहले घर छोड़ चुका था। पुत्र के आने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। महाकाल थाना पुलिस ने लोगों की सूचना पर रामघाट से वृद्ध को बीमार हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। वृद्ध की कुछ घंटे बाद मौत हो गई।

पुलिस ने पहचान के प्रयास शुरू किया मृतक वृद्ध के पास से मोबाइल नंबर मिला। जिस पर संपर्क करने के बाद सामने आया कि उक्त नंबर पुत्र पवन का है। मृतक का नाम राम सिंह पिता रामकिशन मोगिया 65 साल निवासी खिलचीपुर है। पुलिस द्वारा पुत्र को निधन होने की जानकारी दी गई। शुक्रवार सुबह पुत्र अस्पताल पहुंचा। उसने बताया कि पिता को कुष्ठ रोग हो गया था उन्होंने दो माह पहले घर छोड़ दिया था वह रामघाट क्षेत्र में जीवन यापन कर रहे थे। पुलिस ने मार्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। शव अंतिम संस्कार के लिए पुत्र साथ ले गया है।

### मंडी में काम करने वाले व्यक्ति ने लगाई फांसी

उज्जैन। कृषि उपज मंडी में काम करने वाले व्यक्ति ने रात में फांसी लगा ली। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल से शव बरामद किया। फिलहाल मृतक के परिजनों का पता लगाया जा रहा है। कृष्ण परिसर में पिछले दो सालों से किराए का मकान लेकर नरेंद्र पिता विजय सिंह राणावत 48 वर्ष निवास कर रहा था और कृषि उपज मंडी में काम करता था। बीती रात उसने लूंगी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मकान मालिक पवन ने उसे देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल से शव बरामद किया और अस्पताल लेकर आई। मकान मालिक ने बताया कि नरेंद्र अकेला रहता था और अविवाहित था। उसके परिजनों की जानकारी नहीं है। पुलिस ने परिजनों का पता लगाने के प्रयास शुरू किए हैं।

## विक्रमोत्सव में गूंजेंगे यजुर्वेद के स्वर, होगी अंत्याक्षरी

**उज्जैन।** सनातन संस्कृति और वेदों के संरक्षण की दिशा में शहर में एक अनूठा आयोजन होने जा रहा है। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय और मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव 2026 के तहत शनिवार को शहर के विभिन्न गुरुकुलों के विद्यार्थियों के बीच वैदिक मंत्रों की अंत्याक्षरी का रोचक मुकाबला होगा। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी और युवाओं को वेदों के प्रति आकर्षित कर उन्हें समर्पित करना है।



कार्यक्रम के संयोजक पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि अनुष्ठान मंडपम ज्योतिष अकादमी के तत्वावधान में यह विशेष आयोजन 14 मार्च 2026 (शनिवार) को पिपलीनाका रोड स्थित श्री गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ सुबह 10:30 बजे दीप प्रज्वलन और ग्रंथ पूजन के साथ होगा। पं. व्यास के अनुसार, इस वैदिक अंत्याक्षरी में शहर के विभिन्न गुरुकुलों के छात्रों के अलग-अलग समूह बनाए जाएंगे।

## तराना में सियार का हमला, आधा दर्जन ग्रामीण घायल

- कनार्दी में फसल काटने जा रहे ग्रामीणों पर जंगली जानवर का हमला

**उज्जैन।** तराना क्षेत्र के कनार्दी में शुक्रवार सुबह खेत पर फसल काटने जा रहे ग्रामीणों पर जंगली जानवर सियार ने हमला कर दिया। इस हमले में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। हमले से घायलों को तराना में प्रारंभिक उपचार दिया गया।

एक बुजुर्ग महिला सहित उसके पुत्र और बहू को उज्जैन जिला अस्पताल में उपचार दिया गया है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर मदनलाल मौरे के अनुसार शुक्रवार सुबह का यह घटनाक्रम सामने आया है। कनार्दी गांव में नाला के पास घायल परिवार की जमीन है। उस पर लगी फसल को काटने के लिए ग्रामीण जा रहे थे। इसी दौरान नाले के नजदीक आकस्मिक रूप से जंगली जानवर ने ग्रामीणों पर हमला किया है। इस हमले में हरिनारायण पिता मगनीराम 55 वर्ष, अनुसूईया बाई पति हरिनारायण 51 वर्ष, कलाबाई पति मगनीराम 72 वर्ष, गोवर्धन पिता हरिनारायण 35 वर्ष, कालू पिता बद्रीलाल, गोवर्धन पिता बापूजी एवं गंगाराम नामक ग्रामीण घायल हो गए। सभी घायलों को तराना अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। उसके उपरांत हरिनारायण, अनुसूईयाबाई एवं कलाबाई को उज्जैन जिला अस्पताल रैफर किया गया था, जहां उन्हें उपचार दिया गया है। इन तीनों को जंगली जानवर के दांत लगे हैं।

डिप्टी रेंजर मौरे के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में ग्रामीणों ने जंगली जानवर की पहचान सियार के रूप में की है। आसपास के क्षेत्र में वन विभाग के अमले ने जानवर की तलाश की है। तलाश जारी है एवं ग्रामीणों को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जंगली जानवर की स्थिति को देखते हुए पिंजरा लगाने की तैयारी की जा रही है।

## मकान ठेकेदार ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**उज्जैन। मकान निर्माण की ठेकेदारी करने वाले ने साइट पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। कर्मचारी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन ठेकेदार की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विदित हो कि इसके पूर्व में भी अनेक ठेकेदार इस प्रकार से आत्मघाती कदम उठा चुके हैं। उक्त मामलों में भी आत्महत्या के कारण अब अज्ञात ही रहे हैं।**

इंदौर रोड स्थित ग्राम करोहन में रहने वाला प्रकाश पिता गंगाराम पांचाल 50 वर्ष मकान निर्माण की ठेकेदारी करता था। कुछ समय से उसकी ग्राम दाऊद खेड़ी में साइड चल रही थी। गुरुवार शाम उसने साइट पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। कर्मचारियों ने हालत बिगड़ी देखी तो उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां जहर खाने की जानकारी सामने आई। उपचार के लिए भर्ती किया लेकिन कुछ देर बाद ही प्रकाश की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर आज सुबह पोस्टमार्टम कराया। फिलहाल जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की वजह सामने नहीं आई है। आशंका जताई जा रही है कि आर्थिक परेशानी के चलते ठेकेदार ने आत्मघाती की कदम उठाया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करेगी।

## आपात स्थितियों से निपटने के लिए बल ने परखी क्षमता

- बलवा ड्रिल का आयोजन, डीआईजी, एसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण

**उज्जैन।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को आपात स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस बल की कार्य क्षमता को रखने के लिए बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। वहीं डीआईजी और एसपी में वार्षिक निरीक्षण भी किया।



पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने पर पुलिस बल की त्वरित प्रतिक्रिया, दक्षता और आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना था। ड्रिल के दौरान भीड़ नियंत्रण का अभ्यास: पुलिस बल को उग्र भीड़ को नियंत्रित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के विभिन्न चरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। ड्रिल के दौरान वज्र वाहन की कार्यप्रणाली और टियर गैस (अश्रु गैस) के गोलों का सही तकनीक से उपयोग करने का अभ्यास पुलिस अधिकारी और जवानों को कराया गया। विपरीत परिस्थितियों में बल द्वारा की जाने वाली विभिन्न फॉर्मेशन और घेराबंदी की प्रक्रियाओं का अभ्यास किया गया ताकि जनहानि को न्यूनतम रखते हुए स्थिति पर काबू पाया जा सके। अभ्यास के उपरांत पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित भी किया। इस अभ्यास से पुलिस बल की तत्परता और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। निरीक्षण के उपरांत आयोजित पुलिस सम्मेलन में अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों से सीधा संवाद किया। डीआईजी ने भी संबोधित किया।

### वार्षिक निरीक्षण के दौरान परेड भी

बलवा ड्रिल के साथ ही डीआईजी नवनीत भसीन और एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत अधिकारियों द्वारा निरीक्षण परेड की सलामी से की गई। डीआईजी द्वारा परेड का सूक्ष्म अवलोकन किया गया और पुलिस कर्मियों के टर्नआउट, ड्रिल स्तर और अनुशासन की प्रशंसा की गई। पुलिस लाइन स्थित विभिन्न महत्वपूर्ण इकाइयों जैसे स्टोर का विस्तृत निरीक्षण किया। शस्त्रागार में हथियारों के रखरखाव की बारीकी से जांच की गई।

## लीलाशाह धाम में गूंजे भजन, महाराज की जयंती पर झूमीं महिलाएं

**उज्जैन।** सिंधी समाज के आराध्य श्री स्वामी लीलाशाह महाराज की 146वीं जयंती लीलाशाह धाम में अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। झूलेलाल महिला मंडल द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने भजनों पर झूमकर अपनी अगाध आस्था प्रकट की।



कार्यक्रम का आयोजन झूलेलाल महिला मंडल के संरक्षक दीपक राजवानी और मोहन वासवानी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय पदाधिकारी गंगा मंगवानी, मंडल अध्यक्ष सोनिया नाथनी, सचिव वर्षा आडवाणी, उपाध्यक्ष नैना मुलानी और कोषाध्यक्ष भावना चांदनी तोलानी सहित मंडल की सभी सदस्याएं और पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। समारोह की शुरुआत सर्वप्रथम भगवान गणेश, श्री स्वामी लीलाशाह महाराज और भगवान झूलेलाल के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर तथा गणेश वंदना के साथ की गई। इसके पश्चात श्री जय अंबे संगीत मंडली के सुंदर लालवानी जी ने एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इन धार्मिक भजनों से पूरा माहौल पूरी तरह से धर्ममय हो गया।

### नृत्य कर महिलाओं ने प्रकट की आस्था

महिलाओं ने भजनों की धुनों पर झूमकर नृत्य किया, वहीं बड़ी संख्या में महिलाएं अपने स्थान पर बैठकर इन भजनों का आनंद लेती रहीं। भक्ति का यह अद्भुत नजारा देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं महाराज अपना आशीर्वाद दे रहे हों। अंत में महिलाओं ने सामूहिक रूप से महाआरती की। पश्चात सभी महाप्रसादी ग्रहण की।

## लोक अदालत आज

**उज्जैन।** चालू वित्तीय वर्ष की अंतिम लोक अदालत का आयोजन आज नगर निगम के समस्त झोन कार्यालय में किया जा रहा है। जिसमें शहर के करदाता अपना बकाया संपत्ति कर एवं जलकर जमा करते हुए दी जा रही छूट का विशेष लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए नगर निगम के समस्त जोन कार्यालय में संपूर्ण अमला उपस्थित रहकर संपत्ति कर जमा करवाने का कार्य संपादित करेगा। साथ ही निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार नगर निगम मुख्यालय में विशेष रूप से अस्थाई काउंटर के माध्यम से नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संपत्ति कर जमा करवाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

## आयकर अधिनियम की विशेषताओं के बारे में लोगों को बताया

- कार्यक्रम में कई विभागों के सरकारी
- अधिकारी रहे मौजूद

**उज्जैन।** मुख्य आयकर आयुक्त मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, भोपाल तथा राहुल रमन, मुख्य आयकर आयुक्त (ओएसडी)-1, इंदौर एवं आयकर विभाग, क्षेत्र-1, उज्जैन के अपर आयकर आयुक्त डॉ. अक्षय जैन के मार्गदर्शन में आयकर विभाग, उज्जैन के आयकर उपायुक्त, दिनेश कजोट की अध्यक्षता में आयकर कार्यालय, उज्जैन द्वारा नए आयकर अधिनियम, 2025 पर आधारित आयकर जागरूकता एवं संवाद आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन निजी होटल उज्जैन में किया गया।




दिनेश कजोट, आयकर उपायुक्त, उज्जैन, रूपनारायण पटेल, आयकर अधिकारी, उज्जैन, निलेश अग्रवाल, अध्यक्ष, कर सलाहकार संघ, आतुष जैन, अध्यक्ष, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन एवं अन्य व्यावसायिक संगठनों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा व्यापारीगण सहित लगभग 60 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर रूपनारायण पटेल, आयकर अधिकारी उज्जैन द्वारा प्रतिभागियों को नए आयकर अधिनियम के उद्देश्यों एवं प्रावधानों की जानकारी दी। आयकर अधिनियम, 2025 एक सरल एवं कर व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण और प्रभावी पहल है।

## कामकाजी 200 महिलाओं का किया नि :शुल्क दंत परीक्षण

- इंडस्ट्रियल एरिया में इंडियन डेंटल
- एसोसिएशन का मेगा शिविर

**उज्जैन।** महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को मूर्तरूप देते हुए, इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की उज्जैन शाखा द्वारा एक विशाल और नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

डॉ. निहित सिंह राणा की अध्यक्षता में शहर के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित श्रीजी पॉलीमर्स में यह मेगा कैंप लगाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य कारखाने में कार्यरत नारी शक्ति को उनके ओरल हाइजीन (मुख स्वच्छता) के प्रति जागरूक करना था। इस शिविर में फैक्ट्री की करीब 200 महिलाओं के दांतों की विस्तार से जांच कर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया गया।



### शिविर में इन्होंने दी उत्कृष्ट सेवाएं

आयोजन को सफल बनाने में इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन के पदाधिकारियों और सदस्य चिकित्सकों का विशेष योगदान रहा। संस्था के सचिव डॉ. अंकित बाबर, कोषाध्यक्ष डॉ. अपूर्व धारीवाल के साथ ही डॉ. सागर मारोठिया, डॉ. शुभम करोड़े, डॉ. जतिन चावड़ा एवं डॉ. प्रिंस कुशवाह ने शिविर में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कीं।

महामंडलेश्वर बैठक में.. मेला शिविर की व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं को लेकर की चर्चा, विभिन्न प्रदेशों से आए महामंडलेश्वर और संत शामिल

## किन्नर अखाड़ा की उज्जैन में बैठक, नए महामंडलेश्वर-श्रीमहंतों का पट्टाभिषेक

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 को भव्य और दिव्य स्वरूप देने की तैयारियों के बीच इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा की एक महत्वपूर्ण बैठक शहर के शिवांजलि गार्डन में आयोजित की गई। इस बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में किन्नर संत, महंत और श्रद्धालु शामिल हुए। बैठक के दौरान सिंहस्थ 2028 में किन्नर अखाड़ा की भागीदारी, व्यवस्था और धार्मिक आयोजनों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर सानिध्य प्रदान करने पहुंचे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज ने अपने संबोधन में कहाकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में पवित्र शिप्रा नदी को प्रवाहमान बनाने का जो संकल्प लिया गया है, वह सनातन धर्म और सिंहस्थ की परंपरा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है।

सिंहस्थ 2028 में भी अखाड़ा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भागीदारी निभाएगा। बैठक के उपरांत आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी द्वारा विभिन्न राज्यों से आए किन्नर संतों का विधिवत पट्टाभिषेक कर उन्हें महामंडलेश्वर एवं श्रीमहंत की उपाधि प्रदान की गई। धार्मिक अनुष्ठान अत्यंत श्रद्धा और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ।



### अजय दास किन्नर नहीं हैं, हम बहिष्कृत कर चुके

उज्जैन में किन्नर अखाड़े के पंजीयन को लेकर कथित दस्तावेज दिखाने वाले ऋषि अजय दास को लेकर आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि वह फर्जी व्यक्ति है और किन्नर ना होकर पुरुष है। हम उसे बहिष्कृत कर चुके हैं बावजूद वह हमारी लोकप्रियता से डरकर किन्नर अखाड़े को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास करता है। उज्जैन जिला प्रशासन को ऐसे तत्वों पर वैधानिक कार्रवाई एवं उन्हें उज्जैन में आने पर रोक लगाना चाहिये।

चांदी के शंख से दुग्धाभिषेक किया गया, संतों को केसरिया शॉल ओढ़ाई गई और पुष्पवर्षा के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह सम्मान समारोह संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर सूरत से आए दिलीपनंद गिरि, तेलंगाना से महाकालीनंद गिरि, राजस्थान से कामाख्या नंद गिरि तथा उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से रेखानंद गिरि को इंटरनेशनल किन्नर अखाड़ा का महामंडलेश्वर घोषित किया गया। वहीं गुजरात की नंदिनीनंद गिरि तथा महाराष्ट्र के अकोला से आए गणेशानंद गिरि को श्रीमहंत की उपाधि प्रदान की गई।